भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 949

उत्तर देने की तारीख 13 दिसंबर, 2022
22 अग्रहायण, 1944 (शक)

36वें राष्ट्रीय खेल, 2022

949 डॉ. डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस.:
डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:
श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:
श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:
डॉ. सुभाष रामराव भामरे :
श्री कुलदीप राय शर्माः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 36वें राष्ट्रीय खेलों, 2022 के आयोजन के लिए केंद्र सरकार द्वारा आवंटित/जारी की गई कुल निधि कितनी है और राज्य सरकार द्वारा इस पर कितना व्यय किया गया है;

(ख) गुजरात में संपन्न हुए 36वें राष्ट्रीय खेलों, 2022 के खेल और विधा-वार परिणाम क्या हैं;

(ग) क्या सरकार को 36वें राष्ट्रीय खेलों, 2022 के आयोजन में अनियमितताओं/वित्तीय भ्रष्टाचार के संबंध में शिकायतें / मामले प्राप्त हुए हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और केंद्र सरकार द्वारा इसमें शामिल व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई/की जा रही है;

(ङ) क्या सरकार ने ऐसे राष्ट्रीय खेलों का आयोजन करके अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेलों को विकसित करने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) एथलीटों और दर्शकों के बीच राष्ट्रीय खेलों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए/किए जा रहे हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने 36वें राष्ट्रीय खेलों**,** 2022 के लिए कोई धनराशि आवंटित/ जारी नहीं की है ।

(ख) गुजरात में आयोजित 36वें राष्ट्रीय खेलों, 2022 में खेल-वार प्रतिभागिता का विवरण अनुबंध-I में दिया गया है । 36वें राष्ट्रीय खेलों, 2022 में राज्यों/ संघ राज्यक्षेत्रों तथा सेवा खेल नियंत्रण बोर्ड द्वारा जीते गए पदकों का विवरण अनुबंध-II में दिया गया है । 36वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान 6 नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड और 59 नए राष्ट्रीय खेल रिकॉर्ड बनाए गए । सबसे ज्यादा राष्ट्रीय रिकॉर्ड एथलेटिक्स खेल विधा में और सबसे ज्यादा राष्ट्रीय खेल रिकॉर्ड एक्वेटिक्स खेल विधा में बनाए गए ।

(ग) और (घ) : युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय को 36वें राष्ट्रीय खेलों, 2022 के आयोजन में अनियमितताओं/ वित्तीय भ्रष्टाचार के संबंध में कोई शिकायतें/ मामले प्राप्त नहीं हुए हैं ।

(ङ) और (च) : राष्ट्रीय खेलों के संचालन का उत्तरदायित्व भारतीय ओलंपिक संघ तथा संबंधित राज्य सरकार का होता है ।

*****

अनुबंध-I

दिनांक 13.12.2022 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 949 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।

गुजरात में आयोजित 36वें राष्ट्रीय खेलों, 2022 में खेल-वार प्रतिभागिता का विवरण

क्र.सं	**खेल विधा**	**प्रतिभागियों की संख्या**	
		पुरुष	**महिला**
1	एक्वेटिक्स	307	223
2	तीरंदाजी	126	130
3	एथलेटिक्स	352	271
4	बैडमिंटन	61	55
5	बास्केटबाल	126	124
6	बीच वॉलीबॉल	32	32
7	मुक्केबाज़ी	128	79
8	कैनोइंग	87	79
9	साइक्लिंग	125	92
10	फेंसिंग	102	100
11	फ़ुटबॉल	160	160
12	गोल्फ़	34	36
13	जिम्नास्टिक्स	74	82
14	हॉकी	144	144
15	जूडो	132	120
16	कबड्डी	96	96
17	खो-खो	120	120
18	लॉन बॉल	46	43
19	मल्लखंभ	95	12
20	नेटबॉल	95	96
21	रोलर स्पोर्ट्स	116	90
22	रोइंग	184	140
23	रग्बी	96	96
24	निशानेबाजी	105	95
25	सॉफ्ट टेनिस	43	43
26	सॉफ्ट बॉल	128	128
27	स्क्वैश	67	66
28	टेबल टेनिस	43	47
29	टेनिस	46	43

30	ट्राइथलॉन	49	39
31	वालीबाल	111	112
32	भारोत्तोलन	48	52
33	कुश्ती	179	91
34	वुशु	144	99
35	योगासन	81	77
कुल		**3882**	**3312**
		7194	

****

अनुबंध-II

दिनांक 13.12.2022 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 949 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।

36वें राष्ट्रीय खेलों, 2022 गुजरात - अंतिम पदक तालिका					
रैंक	**राज्य/आईओए इकाइयां**	**स्वर्ण**	**रजत**	**कांस्य**	**कुल योग**
	कुल योग	**382**	**381**	**486**	**1249**
1	सेवा खेल नियंत्रण बोर्ड	61	35	32	128
2	महाराष्ट्र	39	38	63	140
3	हरियाणा	38	38	40	116
4	कर्नाटक	27	23	38	88
5	तमिलनाडु	25	22	27	74
6	केरल	23	18	13	54
7	मध्य प्रदेश	20	25	21	66
8	उत्तर प्रदेश	20	18	18	56
9	मणिपुर	20	10	20	50
10	पंजाब	19	32	25	76
11	दिल्ली	14	17	40	71
12	गुजरात	13	15	21	49
13	पश्चिम बंगाल	13	14	17	44
14	असम	9	10	9	28
15	तेलंगाना	8	7	8	23
16	अरुणाचल प्रदेश	6	1	-	7
17	ओडिशा	4	11	11	26
18	झारखंड	3	5	5	13
19	चंडीगढ़	3	4	4	11
20	राजस्थान	3	3	24	30
21	आंध्र प्रदेश	2	9	5	16
22	छत्तीसगढ़	2	5	6	13
23	अंडमान निकोबार	2	5	5	12
24	हिमाचल प्रदेश	2	4	3	9
25	त्रिपुरा	2	-	1	3
26	उत्तराखंड	1	8	9	18
27	जम्मू-कश्मीर	1	2	9	12
28	मिजोरम	1	1	2	4

29	पुदुचेरी	1	1	2	4
30	गोवा	-	-	5	5
31	बिहार	-	-	2	2
32	सिक्किम	-	-	1	1

****